**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4224**
दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना**

**4224. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**

क्या **महिला एवं बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में शुरू की गई प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और मध्य प्रदेश और दादरा और नगर हवेली में जिलेवार उक्त योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं की संख्या कितनी है और कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार ने देश में विशेष रूप से आकांक्षी जिलों में पीएमएमवीवाई के तहत महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए कोई योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी स्थिति क्या है;

(घ) क्या मध्य प्रदेश और दादरा एवं नगर हवेली में महिलाओं को उक्त योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ड.) उक्त राज्य और संघ राज्य क्षेत्र में इस योजना को वंचित महिलाओं के लिए सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों/कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार इस उद्देश्य के लिए कोई अन्य योजना लागू कर रही है और यदि हां, तो विशेष रूप से महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क):** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना  की मुख्य विशेषताएं (पीएमएमवीवाई)**अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

**(ख):** पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमएमवीवाई के तहत जारी की गई निधि के केंद्रीय अंश का राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा तथा मातृत्व लाभ प्रदान करने वाले कुल लाभार्थियों की संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है। पीएमएमवीवाई के तहत निधि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की जाती है। पिछले पांच वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में पीएमएमवीवाई के तहत मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले कुल लाभार्थियों की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

**(ग):**  महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देश भर में पीएमएमवीवाई को क्रियान्वित कर रहा है जिसमें देश के आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। तथापि, तेलंगाना राज्य सरकार राज्य में पीएमएमवीवाई क्रियान्वित नहीं कर रही है। इस योजना की शुरुआत से लेकर 16.12.2024 तक देश के आकांक्षी जिलों में मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या का विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

**(घ):** जी, नहीं। मध्य प्रदेश, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव सहित देश भर में पात्र लाभार्थियों को पीएमएमवीवाई के तहत मातृत्व लाभ प्रदान किया जाता है।

**(ड.):** मंत्रालय मध्य प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के लिए संकल्प- महिला सशक्तिकरण केंद्र (एचईडब्ल्यू) योजना के माध्यम से मातृत्व लाभ सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। इसमें विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) और व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) गतिविधियाँ शामिल हैं जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्र विज्ञापन, रेडियो जिंगल्स का प्रसारण, सेल्फी अभियान, डोर टू डोर अभियान, क्षेत्रीय कार्यकर्ता स्तर पर आयोजित किए जाने सामुदायिक कार्यक्रम। इसके अलावा, मंत्रालय मध्य प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में समय-समय पर पीएमएमवीवाई के तहत पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान भी चला रहा है।

**(च):** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना 22 जनवरी, 2015 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर शुरू की गई थी। यह लैंगिक भेदभाव के पर आधारित लिंग-चयन की प्रथा को

रोकने, बालिकाओं की उत्तरजीविता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। बीबीबीपी एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका मिशन शक्ति के संबल वर्टिकल के तहत महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले सहित देश के सभी जिलों में केंद्र सरकार द्वारा 100% वित्त पोषण किया जाता है। पश्चिम बंगाल सरकार बीबीबीपी को कार्यान्वित नहीं कर रही है।

जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत सुरक्षित मातृत्व कार्यकलाप है जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई जेएसवाई गर्भवती महिलाओं में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देती है, विशेषकर कमजोर सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं में जैसे अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों की महिलाएं। 12 अप्रैल 2005 को शुरू की गई यह योजना सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र में कार्यान्वित की जा रही है जिसमें कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों (एलपीएस) पर विशेष ध्यान दिया गया है।

जेएसवाई के तहत वित्तीय सहायता उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सभी गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध है, जहां संस्थागत प्रसव की दर कम है अर्थात असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड। इन राज्यों को कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों (एलपीएस) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हालांकि, शेष राज्यों में जहां संस्थागत प्रसव का स्तर संतोषजनक है वहां केवल बीपीएल/एससी/एसटी परिवारों की गर्भवती महिलाएं ही जेएसवाई लाभ के लिए पात्र हैं। इन राज्यों को जेएसवाई के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों (एचपीएस) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उस्मानाबाद जिले सहित महाराष्ट्र राज्य एचपीएस के अंतर्गत आता है जहां ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बीपीएल/एससी/एसटी गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए क्रमशः 1,400 रुपये और 700 रुपये की नकद सहायता प्रदान की जाती है। देश भर में घर पर प्रसव के मामले में बीपीएल गर्भवती महिलाओं को 500 रुपये की नकद सहायता भी प्रदान की जाती है।

*****

**अनुलग्नक -I**

**'पीएमएमवी योजना' के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा, श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री ज्ञानेश्वर पाटील और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4224 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की मुख्य विशेषताएं**

(i) मातृत्व लाभ, समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित वर्ग से संबंधित वर्ष 18 वर्ष की आयु के बीच 55 महीने से 7की गर्भवती महिला और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले दो जीवित बच्चों के लिए उपलब्ध है (पीडब्लू एंड एलएम), बशर्ते कि शर्तों को पूरा करने पर दूसरा बच्चा बालिका हो। केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियमित रोजगार में संलग्न सभी पीडब्लू एंड एलएम या जो किसी भी कानून के तहत इस तरह के लाभ प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें शामिल नहीं किया गया है।

(ii) पहले बच्चे के लिए पीएमएमवीवाई के अंतर्गत शर्तें और किस्तों की संख्या निम्नानुसार है:

| नकद अंतरण | शर्तें | राशि ₹ में |
|---|---|---|
| पहली किस्त | आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) /संबंधित प्रशासकीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा चिन्हित अनुमोदित स्वास्थ्य सुविधाओं पर गर्भावस्था का पंजीकरण और अंतिम मासिक धर्म (एलएमपी) तिथि से 6 महीने के भीतर कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच। | 3,000/- |
| दूसरी किस्त | • बच्चे का जन्म पंजीकृत है<br>• बच्चे को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत चौदह सप्ताह की आयु तक सभी टीके लग चुके हैं। | 2,000/- |

(iii) दूसरे बच्चे के लिए पीएमएमवीवाई के अंतर्गत शर्तें और किस्तों की संख्या निम्नानुसार है:

| नकद अंतरण | शर्तें | राशि ₹ में |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| एकल किस्त | आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) /संबंधित प्रशासकीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा चिन्हित अनुमोदित स्वास्थ्य सुविधाओं पर गर्भावस्था का पंजीकरण और एल.एम.पी. तिथि से 6 महीने के भीतर कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच। इस योजना के तहत बालिका के जन्म का पंजीकरण किया जाएगा। बालिका को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत चौदह सप्ताह की आयु तक सभी आवश्यक टीके लगवाए गए हैं। | 6,000/- |

(iv) समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित वर्ग का निर्धारण करने के मानदंड हैं:

i. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ;
ii. ऐसी महिलाएँ जो आंशिक रूप से (40%) या पूरी तरह से विकलांग (दिव्यांग जन) हैं
iii. बीपीएल राशन कार्ड धारक महिलाएँ
iv. आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत महिला लाभार्थी।
v. ई-श्रम कार्ड धारक महिलाएँ
vi. किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थी महिला किसान
vii. मनरेगा जॉब कार्ड धारक महिलाएँ
viii. ऐसी महिलाएँ जिनकी कुल पारिवारिक आय ₹8 लाख प्रति वर्ष से कम है
ix. गर्भवती और स्तनपान कराने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री/ आंगनवाड़ी सहायिका/ आशा कार्यकर्ता
x. एनएफएसए अधिनियम 2013 के तहत राशन कार्ड धारक महिलाएँ

(v) मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड शर्तों की पूर्ति के सत्यापन के लिए सत्यापन साधन है।

(vi) पीएमएमवीवाई के अंतर्गत लाभार्थियों को मातृत्व लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड के तहत सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक/डाकघर खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

(vii) लाभार्थी प्रसव की तारीख से 270 दिनों के भीतर पीएमएमवीवाई योजना के तहत लाभ के लिए आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह योजना के तहत अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।

(viii) केंद्र में इस योजना का क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के पास इस योजना को महिला एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित करने का विकल्प है।

**अनुलग्रक-II**

**'पीएमएमवी योजना' के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा, श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री ज्ञानेश्वर पाटील और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4224 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**पीएमएमवीवाई के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी की गई निधि में केंद्रीय हिस्से का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा तथा मातृत्व लाभ प्रदान किए गए लाभार्थियों की संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई निधि (रुपए करोड़ में) | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (रुपए करोड़ में) | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (रुपए करोड़ में) | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (रुपए करोड़ में) | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (रुपए करोड़ में) | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1.27 | 2,357 | 0.98 | 2,189 | 1.19 | 1,646 | 0.18 | 2,063 | 0.00 | 856 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 101.25 | 5,12,663 | 14.39 | 2,92,244 | 20.22 | 71,393 | 71.89 | 5,22,323 | 57.99 | 1,50,288 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 9,320 | 8.72 | 8,527 | 0.56 | 4,639 | 1.43 | 5,770 | 0.00 | 1,399 |
| 4 | असम | 125.95 | 4,17,902 | 94.69 | 2,01,408 | 35.47 | 2,85,496 | 79.18 | 2,34,220 | 155.05 | 1,60,354 |
| 5 | बिहार | 101.88 | 8,91,182 | 319.98 | 11,87,062 | 211.74 | 4,88,941 | 171.74 | 8,52,364 | 0.00 | 1,01,686 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3.99 | 9,372 | 4.40 | 7,945 | 1.89 | 8,083 | 0.62 | 9,597 | 4.08 | 3,038 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 52.93 | 2,49,697 | 9.66 | 1,83,329 | 38.66 | 1,92,977 | 72.75 | 2,36,812 | 0.00 | 83,540 |
| 8 | दिल्ली | 26.88 | 1,04,049 | 5.46 | 80,606 | 28.31 | 1,26,519 | 31.46 | 1,25,739 | 27.15 | 42,130 |
| 9 | गोवा | 1.40 | 6,342 | 0.12 | 6,171 | 1.09 | 4,416 | 1.61 | 8,652 | 0.00 | 1,486 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | गुजरात | 102.68 | 4,07,749 | 0.00 | 1,62,831 | 46.32 | 93,346 | 17.92 | 3,04,041 | 75.64 | 1,58,132 |
| 11 | हरियाणा | 65.87 | 2,16,901 | 7.36 | 1,19,876 | 40.02 | 2,10,775 | 63.66 | 2,22,934 | 0.00 | 12,624 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 33.69 | 81,510 | 7.73 | 67,528 | 21.17 | 68,439 | 14.19 | 71,966 | 10.56 | 9,315 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 30.12 | 84,365 | 7.50 | 60,382 | 39.34 | 1,11,941 | 20.60 | 83,247 | 33.60 | 13,012 |
| 14 | झारखंड | 63.38 | 2,72,433 | 16.27 | 1,80,113 | 58.39 | 1,86,996 | 29.27 | 1,46,338 | 0.00 | 64,824 |
| 15 | कर्नाटक | 119.53 | 5,37,546 | 37.92 | 50,7991 | 142.77 | 4,79,537 | 148.87 | 8,15,729 | 113.96 | 1,64,345 |
| 16 | केरल | 64.19 | 2,73,194 | 15.29 | 2,16,856 | 53.37 | 2,88,413 | 53.96 | 2,46,069 | 61.06 | 76,924 |
| 17 | लद्दाख* | 0.00 | 1,437 | 0.76 | 1,173 | 0.38 | 1,071 | 0.31 | 906 | 0.69 | 1,400 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.18 | 327 | 0.06 | 673 | 0.11 | 481 | 0.14 | 116 | 0.23 | 531 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 285.16 | 9,88,762 | 62.78 | 9,33,840 | 130.29 | 9,10,123 | 204.02 | 9,52,957 | 105.51 | 4,18,306 |
| 20 | महाराष्ट्र | 294.14 | 10,31,881 | 113.11 | 8,08,456 | 99.50 | 8,06,294 | 240.83 | 9,89,233 | 0.00 | 93,891 |
| 21 | मणिपुर | 4.12 | 23,980 | 6.48 | 16,441 | 1.15 | 8,352 | 3.45 | 8,009 | 7.93 | 7,685 |
| 22 | मेघालय | 4.21 | 16,816 | 5.08 | 10,004 | 5.08 | 12,689 | 6.26 | 11,806 | 0.00 | 3,818 |
| 23 | मिजोरम | 8.12 | 9,397 | 5.46 | 7,378 | 2.90 | 8,155 | 1.99 | 8,771 | 1.40 | 2,423 |
| 24 | नागालैंड | 2.67 | 15,208 | 1.39 | 6,074 | 4.98 | 4,677 | 2.03 | 5,883 | 2.42 | 2,473 |
| 25 | ओडिशा | 0.00 | 1 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 |
| 26 | पुद्दुचेरी | 1.60 | 10,554 | 0.85 | 6,472 | 2.39 | 9,135 | 1.96 | 9,293 | 0.00 | 243 |
| 27 | पंजाब | 35.54 | 1,49,721 | 12.79 | 1,27,690 | 16.47 | 59,588 | 18.82 | 1,95,429 | 32.05 | 83,221 |
| 28 | राजस्थान | 96.52 | 5,35,320 | 100.02 | 4,51,779 | 108.20 | 4,76,480 | 81.84 | 5,66,822 | 123.23 | 1,86,182 |
| 29 | सिक्किम | 0.88 | 4,630 | 0.57 | 3,314 | 0.42 | 3,334 | 0.70 | 3,568 | 1.28 | 898 |
| 30 | तमिलनाडु | 46.21 | 5,24,125 | 93.39 | 4,73,257 | 52.31 | 2,78,921 | 68.03 | 2,42,546 | 0.00 | 2,86,823 |
| 31 | तेलंगाना | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 2.51 | 6,527 | 0.34 | 4,734 | 0.00 | 4,771 | 1.84 | 6,448 | 0.91 | 2,845 |
| 33 | त्रिपुरा | 5.29 | 42,712 | 7.55 | 25,197 | 6.04 | 18,052 | 3.27 | 29,787 | 11.31 | 7,690 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 405.56 | 16,45,123 | 99.28 | 13,02,774 | 290.85 | 9,91,992 | 500.68 | 17,60,492 | 0.00 | 2,77,011 |
| 35 | उत्तराखंड | 27.66 | 75,864 | 18.97 | 80,992 | 20.71 | 71,954 | 16.69 | 90,803 | 30.35 | 48,451 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 87.69 | 5,10,900 | 0.00 | 12,864 | 46.94 | 166 | 63.22 | 9,21,812 | 0.00 | 0 |

* 2020-21 से पहले लद्दाख को जम्मू और कश्मीर के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है।

**अनुलग्नक-III**

**'पीएमएमवी योजना' के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा, श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री ज्ञानेश्वर पाटील और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4224 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**मध्य प्रदेश, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में पीएमएमवीवाई के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान मातृत्व लाभ प्रदान किए गए लाभार्थियों की संख्या का वर्षवार और जिलावार विवरण**

**मध्य प्रदेश**

| क्र.सं. | जिले का नाम | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आगर मालवा | 7,458 | 7,090 | 6,820 | 6,777 | 3,404 |
| 2 | अलीराजपुर | 11,292 | 10,114 | 8,668 | 9,577 | 3,402 |
| 3 | अनुपपुर | 9,715 | 7,898 | 7,504 | 8,557 | 4,474 |
| 4 | अशोकनगर | 12,408 | 12,008 | 12,509 | 11,446 | 7,305 |
| 5 | बालाघाट | 20,650 | 19,690 | 22,178 | 21,002 | 11,963 |
| 6 | बड़वानी | 18,230 | 17,857 | 17,504 | 17,298 | 11,753 |
| 7 | बेतुल | 18,946 | 19,834 | 20,493 | 21,613 | 10,528 |
| 8 | भिंड | 21,287 | 19,237 | 17,376 | 16,752 | 6,732 |
| 9 | भोपाल | 32,389 | 30,570 | 29,644 | 28,893 | 10,920 |
| 10 | बुरहानपुर | 8,954 | 9,355 | 9,858 | 9,459 | 4,957 |
| 11 | छतरपुर | 20,976 | 21,927 | 21,346 | 24,706 | 11,660 |
| 12 | छिंदवाड़ा | 25,269 | 26,775 | 27,389 | 29,728 | 12,507 |
| 13 | दमोह | 16,766 | 15,640 | 16,372 | 17,160 | 5,978 |
| 14 | दतिया | 10,723 | 9,636 | 9,968 | 11,057 | 5,191 |
| 15 | देवास | 22,830 | 19,858 | 20,791 | 21,346 | 9,062 |
| 16 | धार | 34,441 | 30,992 | 29,875 | 32,821 | 13,703 |
| 17 | डिंडौरी | 9,666 | 9,384 | 8,870 | 9,687 | 4,988 |
| 18 | पूर्व निमाड़ | 18,732 | 16,368 | 16,831 | 16,804 | 5,261 |
| 19 | गुना | 18,247 | 18,413 | 17,157 | 17,488 | 9,252 |
| 20 | ग्वालियर | 26,048 | 23,085 | 23,622 | 23,983 | 8,894 |
| 21 | हरदा | 7,024 | 7,877 | 7,615 | 8,010 | 2,535 |
| 22 | इंदौर | 40,577 | 46,017 | 50,718 | 51,878 | 21,513 |
| 23 | जबलपुर | 34,391 | 29,366 | 31,314 | 33,453 | 14,445 |
| 24 | झाबुआ | 25,586 | 17,778 | 13,116 | 14,321 | 6,970 |
| 25 | कटनी | 16,868 | 15,740 | 14,278 | 15,424 | 7,229 |
| 26 | खरगोन | 23,681 | 24,024 | 23,744 | 23,805 | 12,405 |
| 27 | मैहर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | मंडला | 14,136 | 11,866 | 11,874 | 12,893 | 7,804 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | मन्दसौर | 17,297 | 16,190 | 16,038 | 17,184 | 7,774 |
| 30 | मऊगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | ,312 |
| 31 | मुरैना | 27,876 | 26,247 | 23,893 | 23,198 | 8,232 |
| 32 | नर्मदापुरम | 14,751 | 15,529 | 15,108 | 16,231 | 6,376 |
| 33 | नरसिंहपुर | 12,196 | 12,434 | 12,643 | 13,376 | 4,782 |
| 34 | नीमच | 9,177 | 9,327 | 9,757 | 10,209 | 4,363 |
| 35 | निवाड़ी | 5,283 | 5,288 | 5,329 | 5,221 | 1,876 |
| 36 | पांढुर्णा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | पन्ना | 12,429 | 12,677 | 12,815 | 13,716 | 6,755 |
| 38 | रायसेन | 17,887 | 18,919 | 17,311 | 18,674 | 7,292 |
| 39 | राजगढ़ | 24,710 | 22,480 | 21,755 | 23,063 | 8,533 |
| 40 | रतलाम | 21,105 | 19,293 | 18,788 | 20,974 | 9,431 |
| 41 | रीवा | 33,005 | 28,166 | 25,177 | 26,783 | 8,020 |
| 42 | सागर | 29,357 | 29,331 | 27,829 | 29,231 | 11,265 |
| 43 | सतना | 29,620 | 25,824 | 23,196 | 26,303 | 11,926 |
| 44 | सीहोर | 19,179 | 20,228 | 18,681 | 18,716 | 8,873 |
| 45 | सिवनी | 18,817 | 18,270 | 18,583 | 20,217 | 9,457 |
| 46 | शहडोल | 15,986 | 13,569 | 12,057 | 13,137 | 6,857 |
| 47 | शाजापुर | 13,871 | 12,683 | 12,481 | 12,500 | 6,583 |
| 48 | श्योपुर | 10,642 | 9,903 | 8,789 | 9,671 | 4,070 |
| 49 | शिवपुरी | 22,332 | 20,765 | 21,679 | 22,167 | 9,798 |
| 50 | सीधी | 16,079 | 14,718 | 12,694 | 13,240 | 4,997 |
| 51 | सिंगरौली | 16,198 | 16,037 | 13,686 | 15,258 | 5,879 |
| 52 | टीकमगढ़ | 15,525 | 13,669 | 13,792 | 14,022 | 7,747 |
| 53 | उज्जैन | 27,268 | 25,320 | 24,333 | 27,605 | 9,853 |
| 54 | उमरिया | 9,691 | 8,352 | 7,494 | 7,908 | 4,660 |
| 55 | विदिशा | 21,191 | 20,222 | 18,781 | 18,415 | 7,760 |

नोट:- पीएमएमवीवाई के अंतर्गत कम से कम एक किस्त का भुगतान करने वाले लाभार्थियों की संख्या। किसी विशेष वित्तीय वर्ष में भुगतान किए गए लाभार्थियों की संख्या में वे लाभार्थी भी शामिल हो सकते हैं जो पिछले वर्षों में भी नामांकित थे।

**दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव**

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| 1 | दादरा और नगर हवेली | 4,412 | 3,280 | 3,200 | 4,559 | 1,979 |
| 2 | दमन | 1,757 | 1,137 | 1,356 | 1,612 | 697 |
| 3 | दीव | 358 | 317 | 215 | 277 | 169 |

नोट:- पीएमएमवीवाई के अंतर्गत कम से कम एक किस्त का भुगतान पाने वाले लाभार्थियों की संख्या। किसी विशेष वित्तीय वर्ष में भुगतान पाने वाले लाभार्थियों की संख्या में वे लाभार्थी भी शामिल हो सकते हैं जिन्हें पिछले वर्षों में भी नामांकित किया गया था।

**अनुलग्नक-IV**

**'पीएमएमवी योजना' के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा, श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री ज्ञानेश्वर पाटील और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4224 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**देश के आकांक्षी जिलों में योजना की शुरुआत से लेकर 16.12.2024 तक पीएमएमवीवाई के तहत मातृत्व लाभ प्रदान किए गए लाभार्थियों की संख्या का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | आकांक्षी जिले का नाम | मातृत्व लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम | 72,928 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 65,690 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | वाई.एस.आर. कडप्पा | 82,355 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | नामसाई | 1,728 |
| 5 | असम | गोलपाड़ा | 42,784 |
| 6 | असम | बरपेटा | 96,935 |
| 7 | असम | हैलाकांडी | 27,550 |
| 8 | असम | बक्सा | 35,988 |
| 9 | असम | दरांग | 47,508 |
| 10 | असम | उदलगुड़ी | 27,803 |
| 11 | असम | धुबरी | 68,306 |
| 12 | बिहार | सीतामढ़ी | 93,710 |
| 13 | बिहार | अररिया | 85,493 |
| 14 | बिहार | पूर्णिया | 86,455 |
| 15 | बिहार | कटिहार | 1,15,757 |
| 16 | बिहार | मुजफ्फरपुर | 1,70,446 |
| 17 | बिहार | बेगूसराय | 1,56,171 |
| 18 | बिहार | खगड़िया | 58,744 |
| 19 | बिहार | बांका | 92,491 |
| 20 | बिहार | शेखपुरा | 21,728 |
| 21 | बिहार | औरंगाबाद | 91,456 |
| 22 | बिहार | गया | 1,33,556 |
| 23 | बिहार | नवादा | 95,963 |
| 24 | बिहार | जमुई | 54,101 |
| 25 | छत्तीसगढ़ | कोरबा | 40,023 |
| 26 | छत्तीसगढ़ | राजनंदगांव | 67,140 |
| 27 | छत्तीसगढ़ | महासमुंद | 43,791 |
| 28 | छत्तीसगढ़ | कांकेर | 26,033 |
| 29 | छत्तीसगढ़ | नारायणपुर | 3,129 |
| 30 | छत्तीसगढ़ | दंतेवाड़ा | 9,639 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31 | छत्तीसगढ़ | बीजापुर | 4,924 |
| 32 | छत्तीसगढ़ | बस्तर | 29,177 |
| 33 | छत्तीसगढ़ | कोंडागांव | 16,573 |
| 34 | छत्तीसगढ़ | सुकमा | 7,577 |
| 35 | गुजरात | दाहोद | 63,938 |
| 36 | गुजरात | नर्मदा | 14,193 |
| 37 | हरियाणा | मेवात (नूह) | 18,935 |
| 38 | हिमाचल प्रदेश | चंबा | 22,822 |
| 39 | जम्मू एवं कश्मीर | कुपवाड़ा | 29,795 |
| 40 | जम्मू एवं कश्मीर | बारामूला | 37,613 |
| 41 | झारखंड | गढ़वा | 33,186 |
| 42 | झारखंड | चतरा | 24,065 |
| 43 | झारखंड | गिरिडीह | 58,163 |
| 44 | झारखंड | गोड्डा | 40,932 |
| 45 | झारखंड | साहिबगंज | 37,940 |
| 46 | झारखंड | पाकुर | 25,410 |
| 47 | झारखंड | बोकारो | 53,472 |
| 48 | झारखंड | लोहरदगा | 18,112 |
| 49 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | 45,825 |
| 50 | झारखंड | पलामू | 57,426 |
| 51 | झारखंड | लातेहार | 18,782 |
| 52 | झारखंड | हजारीबाग | 47,952 |
| 53 | झारखंड | रामगढ़ | 23,947 |
| 54 | झारखंड | दुमका | 47,394 |
| 55 | झारखंड | रांची | 60,479 |
| 56 | झारखंड | खूंटी | 17,389 |
| 57 | झारखंड | गुमला | 41,239 |
| 58 | झारखंड | सिमडेगा | 19,672 |
| 59 | झारखंड | पश्चिमी सिंहभूम | 41,728 |
| 60 | कर्नाटक | रायचूर | 89,329 |
| 61 | कर्नाटक | यादगीर | 81,805 |
| 62 | केरल | वायनाड | 23,559 |
| 63 | मध्य प्रदेश | छतरपुर | 1,09,579 |
| 64 | मध्य प्रदेश | दमोह | 73,484 |
| 65 | मध्य प्रदेश | बड़वानी | 93,583 |
| 66 | मध्य प्रदेश | राजगढ़ | 97,587 |
| 67 | मध्य प्रदेश | विदिशा | 85,221 |
| 68 | मध्य प्रदेश | गुना | 80,370 |
| 69 | मध्य प्रदेश | सिंगरौली | 70,232 |
| 70 | मध्य प्रदेश | खंडवा (पूर्वी निमाड़) | 74,291 |
| 71 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 50,578 |
| 72 | महाराष्ट्र | वाशिम | 37,854 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 73 | महाराष्ट्र | गडचिरोली | 45,597 |
| 74 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 53,925 |
| 75 | मणिपुर | चंदेल | 1,750 |
| 76 | मेघालय | रिभोई | 7,488 |
| 77 | मिजोरम | मामित | 5,206 |
| 78 | नागालैंड | कैफाइर | 1,700 |
| 79 | ओडिशा | ढेंकनाल | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 80 | ओडिशा | गजपति | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 81 | ओडिशा | कंधमाल | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 82 | ओडिशा | बलांगीर | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 83 | ओडिशा | कालाहांडी | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 84 | ओडिशा | रायगढ़ | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 85 | ओडिशा | कोरापुट | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 86 | ओडिशा | मल्कानगिरी | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 87 | ओडिशा | नबरंगपुर | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 88 | ओडिशा | नुआपाड़ा | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 89 | पंजाब | मोगा | 22,184 |
| 90 | पंजाब | फिरोजपुर | 27,760 |
| 91 | राजस्थान | धौलपुर | 58,068 |
| 92 | राजस्थान | करौली | 52,117 |
| 93 | राजस्थान | जैसलमेर | 17,005 |
| 94 | राजस्थान | सिरोही | 34,267 |
| 95 | राजस्थान | बारां | 65,282 |
| 96 | सिक्किम | पश्चिम सिक्किम (ग्यालशिंग) | 4,161 |
| 97 | तमिलनाडु | विरुधुनगर | 44,714 |
| 98 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम | 34,060 |
| 99 | तेलंगाना | आसिफाबाद | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 100 | तेलंगाना | भूपालपल्ली | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |
| 101 | तेलंगाना | भद्राद्री-कोठागुडेम | राज्य पीएमएमवीवाई को लागू नहीं कर रहा था |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 102 | त्रिपुरा | धलाई | 10,456 |
| 103 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | 36,142 |
| 104 | उत्तर प्रदेश | फ़तेहपुर | 60,304 |
| 105 | उत्तर प्रदेश | बहराईच | 1,39,041 |
| 106 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती | 29,913 |
| 107 | उत्तर प्रदेश | बलरामपुर | 73,201 |
| 108 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर | 69,842 |
| 109 | उत्तर प्रदेश | चंदौली | 55,612 |
| 110 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र | 51,505 |
| 111 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 74,150 |
| 112 | उत्तराखंड | हरिद्वार | 66,536 |

*****